भाकृअनुप- राष्ट्रीय मृदा सर्वेक्षण एवं भूमि उपयोग नियोजन ब्यूरो
अमरावती रोड, नागपुर, महाराष्ट्र – 440033

कार्यशाला प्रतिवेदन

भाकृअनुप- राष्ट्रीय मृदा सर्वेक्षण एवं भूमि उपयोग नियोजन ब्यूरो, नागपुर में निदेशक महोदय, डा बी पी भास्कर की अध्यक्षता में, 23 फरवरी, 2023 को हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में ब्यूरो के प्रशासनिक एवं तकनीकी संवर्ग के समस्त अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित थे। हाइब्रिड मोड पर आयोजित इस कार्यशाला में ब्यूरो के पांचों क्षेत्रीय केन्द्रों के प्रभारी, केन्द्रों के वैज्ञानिकों/ अधिकारियों एवं कर्मचारियों सहित उपस्थित थे।

निदेशक महोदय ने अपने स्वागत वक्तव्य में राजभाषा हिन्दी में काम को संवैधानिक एवं नैतिक दायित्व निरूपित करते हुए, समस्त कार्मिकों से अपना अधिकाधिक सरकारी कामकाज, हिन्दी में करने हेतु अनुरोध किया। मुख्य प्रशासनिक अधिकारी महोदय, श्री रामदीन ने अपने वक्तव्य में संसदीय राजभाषा समिति की प्रश्नावली की मदों के अनुसार, कार्मिकों को राजभाषा हिन्दी में कार्य करने हेतु प्रेरित किया। उन्होने कहा, अधिसूचित कार्यालय होने के नाते हमारा दायित्व है कि, हम हिन्दी में बिना किसी झिझक के काम करें।

अतिथि वक्ता, आयुध निर्माणी, नागपुर में वरिष्ठ राजभाष आधिकारी, श्री एन जी गडपाल ने “राजभाषा अधिनियम, नियम एवं उनके व्यावहारिक अनुप्रयोग” पर कार्मिकों को प्रशिक्षण प्रदान किया। व्याख्यानोपरांत, प्रश्नोत्तर(चर्चा) सत्र में, कार्मिकों की राजभाषा कार्यान्वयन में आ रही व्यावहारिक समस्याओं का निदान किया गया। धन्यवाद ज्ञापन, हिन्दी अनुवादक, श्री महेंद्र साहू द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यशाला का संचालन एवं संयोजन, उप- निदेशक(राजभाषा), श्री देवेन्द्र कुमार धरम द्वारा किया गया।

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद्
राष्ट्रीय मृदा सर्वेक्षण एवं भूमि उपयोग नियोजन ब्यूरो
INDIAN COUNCIL OF AGRICULTURAL RESEARCH
NATIONAL BUREAU OF SOIL SURVEY & LAND USE PLANNING
भाकृअनुप-राष्ट्रीय मृदा सर्वेक्षण एवं भूमि उपयोग नियोजन ब्यूरो
अमरावती रोड, नागपुर, महाराष्ट्र –440033
हिन्दी कार्यशाला
"राजभाषा अधिनियम, नियम एवं
उनके व्यावहारिक अनुप्रयोग"
23 फरवरी, 2023